CONSAM

CIRCULAR/NOTIFICATION

CIRCULAR/NOTIFICATION Type: EXTERNAL (~~Internal~~/External)

CIRCULAR/NOTIFICATION No.: CIL.EXT .CIR/21/264/01 (Eg. HAC-INT-CIR/09/001/01)

Authority by whom Issued: CIL-CEO (HAC-CEO)

Sign of issuing Authority:

विषय: वर्ष 2022-23 हेतु सौदा (Offer for sale) के संबंध में
Ref: Clause 2 [o] of FCO, 1985.

Synopsis/सार: रबी, 2021 सीजन हेतु डीलरगण को बार बार यह सूचित किया गया था की हम जिस भी रेट में माल दे रहे हैं उसे महंगा समझने की भूल न करें बल्कि उक्त सस्ता है, इसलिए निवेश करें और साथ - साथ माल का उठाव भी करें. उल्लेखनीय है की कॉनसम ग्रुप अपने पहले से निर्धारित उद्देश्य एवं मूल्य पर संचालित होती है इसलिए बातों को लिख कर बाताने एवं सत्य बताने में विश्वाश रखती है.

इस प्रकार एतद्द्वारा पुनः बताया जा रहा है की विश्व एवं भारतीय मार्केट का विश्लेषण किया गया है जिसके उपरांत यह स्पष्ट होता है की फर्टीलाइज़र की क़िल्लत बनी रहेगी एवं इस स्थिति में निम्नलिखित नियम एवं शर्त पर वर्ष 2022-23 (अर्थात: जुट, खरीफ़ एवं रबी) के लिए सौदा (Offer for sale) निकाला जा रहा है:

1. <u>सौदे की सीमा</u>: फर्टीलाइज़र की शोर्टेज व हमें बिहार सरकार से सिमित मात्रा में कच्चे - माल की आवंटन के कारण हमारे उत्पादन की सीमा है एवं तदानुसार सौदे की भी सीमा है. इसलिए यह सुझाया जाता है की अधिक से अधिक सौदा करने का प्रयत्न करें.

2. <u>सौदा हेतु पेमेंट</u>: डीलरगण हमें दिनांक 20-DEC-2021 से अपनी इच्छा एवं सामर्थ्य के अनुसार पेमेंट कर सकते हैं जिसका उपयोग नियमानुसार बिहार राज्य के रिटेल डीलरगण से फर्टीलाइज़र ख़रीद एवं Non – std. फर्टीलाइज़र ख़रीद में की जाएगी जहां Non – std. माल की ख़रीद दर, माल ख़रीद के बाद स्पष्ट होती है. अतिरिक्त नोट: हम नियमानुसार Non – std. माल के ख़रीद हेतु अधिकृत हैं क्यूंकि हम Non – std. माल/फर्टीलाइज़र की Chemical analysis के उपरांत उक्त को Standard माल/फर्टीलाइज़र में बदल सकते हैं.

3. <u>पेमेंट की जगह बार्टर</u>: आप सम्पूर्ण बिहार के रिटेल डीलरगण हमें DAP, Urea, MOP की बिक्री कर सकते हैं जिसे हमारे अधिसूचित प्रतिनिधि/कर्मचारी/अधिकारी POS मशीन में पंच कर भारत एवं बिहार सरकार के नियम के अनुसार ख़रीद एवं उक्त के बदले में आप हमसे हमारा खाद खरीद सकते हैं.

4. <u>सौदे का दर</u>: क्यूंकि हम वर्तमान में फर्टीलाइज़र की शोर्टेज की स्थिति में सम्पूर्ण बिहार के रिटेल डीलरगण से फर्टीलाइज़र ख़रीद कर रहे हैं एवं साथ - साथ Non – standard खाद कच्चे - माल के रूप में ख़रीद हेतु कार्रवाई कर रहे हैं इसलिए सौदे की दर हम दिनांक 15-JAN-2022 से 31-JAN-2022 तक निर्गत करेंगे जहां आपको यह भरोसा दिलाया जाता है की कॉनसम कॉड ऑफ़ कंडक्ट के आलोक में हमेशा की तरह ही हम आपको सबसे सस्ते दर में फर्टीलाइज़र/माल उपलब्ध कराएंगे.

5. <u>पैसे वापसी</u>: यदि आपको हमारे सौदे की रेट/दर उचित न लगी तब आप बिना ब्याज दिनांक 15-JAN-2022 से 31-JAN-2022 पैसे वापसी ले सकते हैं या वर्तमान के दर पर माल/फर्टीलाइज़र का उठाव कर सकते हैं.

20-DEC-2021

REVIEWED by CEO

6. सौदे के लिए उपलब्ध ब्रांड: सौदे के लिए कॉनसम महाशक्तिशाली खाद (CMK) एवं हरा सोना धनवर्षा (HS DV) 50% की बुकिंग की जाएगी एवं शेष बचे पैसों से कॉनसम बजट फर्टीलाइज़र (CBF) की बुकिंग की जाएगी. (उदाहरण: यदि आप ₹. 1,00,000/- की निवेश करते हैं तब ₹. 50,000 का सौदा CMK व HS DV का होगा एवं शेष बचे ₹. 50,000 का सौदा CBF का होगा.

7. ससमय माल/फर्टीलाइजर/सौदा न उठाने पर निम्नलिखित नियम एवं शर्त होंगे:

   a. सौदा के माल की डेलिवरी सौदा लेखन की तिथि (अर्थात 15-JAN-2022 से 31-JAN-2022) से अगले दिन से दिनांक 31-OCT-2022 तक होगी.

   b. सभी प्रकार के माल आपको अक्टूबर, 2022 तक उठाने की आवश्यकता होगी अन्यथा यह समझा जाएगा की आपने ससमय माल नहीं उठाने की अवधि समझी जाएगी.

   c. यदि आप ससमय माल नहीं उठाते हैं तब आपके सौदे को आपसे सहमति ले कर उस ब्रांड में Convert कर दी जाएगी जिस ब्रांड में हम उत्पादन कर रहे हैं.

   d. यदि आप Convert कर माल नहीं उठाना चाहते तब हम मार्केट की स्थिति को देखते हुए 2% से 5% प्रति माह के दर से ब्याज देंगे जहां 2 से 5% के बीच में किस दर से ब्याज दी जाए का चयन हम करेंगे.

8. Claim & Settlement के आलोक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण है:

   a. पैसे हमारे बैंक खाते में जमा करवाएं ताकि आपके पास पेमेंट हेतु साक्ष्य रहे.

   b. सौदे के आलोक में सेल्स अनुभाग से सौदे का साक्ष्य लेने की जिम्मेदारी आपकी होगी.

   c. शिकायत हेतु घटना के 1 से 7 दिनों के अन्दर अपने नाम व मोबाइल संख्या के साथ corporate.sales@consam.in पर इ-मेल करना या करवाना आवश्यक होगा क्यूंकि मौखित शिकायत पर विचारा नहीं जाएगा.

   d. समय - समय पर निर्गत नोटिस के अनुसार चलने की सलाह दी जा रही है जबकि हमारे किसी भी अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा की गई भविष्यवाणी को गंभीरता से न लें.

REVIEWED by CEO

20 DEC 2021